**Samyak**
An Institute For Civil Services

# RAS - 23 MAINS TEST SERIES

## सिद्धि - 09/A8

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 200**

भारतीय राजनीतिक व्यवस्था
**Indian Political System**

## Paper - III (Unit-I)

| Name : | | MARKS | |
|---|---|---|---|
| Enroll. No.: | Part | Attempted Questions | Marks Obtained |
| Date of Birth : | Part - A | 25 | 29 1/4 |
| Medium : Hindi | Part - B | 16 | 47 1/2 |
| E-mail : | Part - C | 07 | 29 |
| Exam Date : 17 Dec 2023 | Total | | 105 3/4 |
| Inviligator's Signature : | | | |

| ECN: | RCN: 007 | Hindi: 04 | English: 04 |
|---|---|---|---|

### अनुदेश (Instructions)

1. परीक्षा शुरू होने से पहले पुस्तिका को जाँच लें।
   **Please check the booklet before commencement of the exam.**
2. दिये गये रिक्त स्थान में निर्देशित शब्द सीमा में उत्तर दें।
   **Write the answers according to the prescribed word limit, in the space given.**
3. अंक योजना प्रत्येक खंड के प्रारम्भ में दी गई है।
   **The marking scheme is given at the start of every section.**
4. परीक्षा के पश्चात् उत्तर पुस्तिका हॉल अधीक्षक को सौंप दें।
   **Return the answer booklet to the hall superintendent after completing the paper.**

SAMYAK, Near Riddhi Siddhi, Gopalpura Bypass, Jaipur, 9875170111
Test Series Helpline & Whatsapp - 9414988860, Email Id - samyaktestseries@gmail.com

| | REVIEW PARAMETERS | SCALE | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Good | Above Average | Average | Below Average |
| 1. | **DOES THE ANSWER ADDRESS THE DEMAND OF THE QUESTION?** | | | | |
| a. | **Answer Relevancy** | | ✓ | | |
| b. | **Answer Enrichment** points like use of: · **Key Terms/** Subject Vocabulary. Use of Commission/ report/ government publication/ judgements, etc. **Association with the Current Affairs** and **use of examples** to explain the concept and idea | | ✓ | | |
| 2. | **HOW WELL IS THE ANSWER PRESENTED?** | | | | |
| a. | **Structure** - Intro, Body, Conclusion | | ✓ | | |
| b. | **Presentation** – Using Subheadings/ points/ highlighting/ flowcharts/ diagrams/ maps | | | | ✓ |
| c. | **Language & Grammar** | | ✓ | | |
| d. | **Word limit** | | ✓ | | |

Detailed Comments / Feedback / Suggestions for Improvement
विस्तृत टिप्पणियाँ/फीडबैक/सुधार के लिए सुझाव :-

1. (1) 5 व 10 marks में भूमिका (Intro) +
2. मुख्य भाग (Theory + facts + Current Examples)
3. + निष्कर्ष का ध्यान रखें जहाँ निष्कर्ष लिखे
4. है उन्हें भविष्य के लिए हमेशा सकारात्मक
5. होकर लिखें। Neg. Conclusions are not valid.
6. (2) polity से संबंधित वाद, शब्दावली, धाराएँ,
7. अनुच्छेदों का उत्तरों में उपयोग करें।
8.
9. (3) underline main Terms and
10. Keypoints.
11. (4) Handwriting सही है, बनाएँ रखें।

**Note : Answer the following questions in 15 words. Each question carries 2 marks.**
नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. राजनीतिक गत्यात्मकता से क्या तात्पर्य है?
**What is meant by political dynamism?**

राजनीति के विकास व मतदान व्यवहार, जनसंख्या का अध्ययन व प्रभाव
ऐसे कारक जो राजनीति को गति देते हैं जैसे - भाषा, जाति, लिंग।

(Write above this line only)

2. भारत में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उदय के किन्हीं चार कारणों को लिखिए।
**Write any four reasons for the rise of regional political parties in India.**

① क्षेत्रीय मुद्दों का अधिक प्रभावी होना - भाषावाद - AIDMK
② क्षेत्रीय दलों की स्थानीय समस्याओं पर प्रभावी पकड़ होना जैसे - CPI (M), मणिपुर प्रजातांत्रिक पार्टी
③ क्षेत्रीय दलों को अधिक स्वीकृति।
④ राष्ट्रीय, प्रभावी करिश्माई नेतृत्व का अभाव।

(Write above this line only)

3. स्वापक आतंकवाद को परिभाषित कीजिए।
**Define narco-terrorism.**

नशीली दवाओं, औषधियों के माध्यम से लक्षित समूहों को शारीरिक, मानसिक आर्थिक नुकसान पहुँचाकर आतंकवादियों द्वारा स्वार्थी हितों की पूर्ति करना, जैसे - पाकिस्तान से भारत मे मादक पदार्थों की तस्करी।
यह राष्ट्र के आधार - युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा

(Write above this line only)

4. मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले चार कारक लिखिए।
**Write four factors affecting voting behaviour.**

2

① राजनेता, उम्मीदवार की योग्यता, करिश्माई नेतृत्व क्षमता

② मीडिया, क्षेत्रीय मुद्दे

③ जातिवाद, लिंग

④ क्षेत्रीय, स्थानीय मुद्दे, राष्ट्रीय मुद्दे।

(Write above this line only)

5. तदर्थ दल
**Ad-hoc political party**

1/2

ऐसे दल जो किसी शक्तिशाली व्यक्ति / स्थानीय मुद्दों पर बनते हैं

जिनका निर्माण चुनावों के समय अल्पकाल के लिए अन्य दल के मतो मे कमी करने हेतु किया गया हो। अस्थायी, अल्पकालीन

उदाहरण — भारतीय किसान दल

(Write above this line only)

6. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पहलू लिखिए।
**Write the aspects of freedom of expression.**

1/2

सिर्फ इसे detailing देना है।

अनुच्छेद 19(1) के तहत

19 (क) - वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

19 (ख) निरायुध, संघ, सम्मेलन की स्वतंत्रता

19 (ग) समिति, संघ बनाने का अधिकार

19 (घ) निर्बाध विचरण का अधिकार

19 (ङ) निवास करने का अधिकार

19 (छ) व्यापार, व्यवसाय का अधिकार

यह नहीं लिखना

(Write above this line only)

7. राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव क्या है?
**What is National Youth Parliament Festival?**

1/2

संसद मे युवाओ की भागीदारी बढ़ाने, नीति निर्माण कार्य प्रक्रिया से युवाओ को जोड़ने हेतु ताकि उनमे विधायिका कार्यो के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो

Current से जोड़ें नई दिल्ली में

(Write above this line only)

8. CBI के लिए सामान्य सहमति के अपवाद लिखिए।
**Write exceptions to the general consent for CBI.**

1/4

परमादेश को कार्यो के क्रियान्वयन हेतु बार-बार जारी करना → रिश्वत के मामलों में प्रभावी नहीं।

रंगे हाथ पकड़े गए तो

(Write above this line only)

9. CAG की निष्पक्षता व स्वायत्तता हेतु कोई भी दो संवैधानिक रक्षाकवच लिखिए।
**Write any two constitutional safeguards for the impartiality and autonomy of CAG.**

2

अनुच्छेद 148 मे CAG की योग्यताओ, निरहर्ताओ का वर्णन
अनुच्छेद 149 शक्तियो, कर्तव्यों का उल्लेख
अनुच्छेद 151 मे राष्ट्रपति के प्रति दायित्व
पद से हटाने से पूर्व SC के न्यायाधीश के समान प्रक्रिया

(Write above this line only)

**10.** भारत में निःशुल्क कानूनी सहायता की आवश्यकता क्यों है?
**Why is free legal aid needed in India?**

1/2

① अनुच्छेद 39क के तहत प्रदान

② नागरिको मे अपने अधिकारो के प्रति जागरूकता, अशिक्षा, न्यायिक प्रक्रियाओ की समझ न होना

③ गरीबो द्वारा मँहगी कानूनी प्रक्रिया अवहनीय है।

+लंबित मामलो का जल्द निपटारा

(Write above this line only)

**11.** वैकल्पिक विवाद समाधान के प्रकार बताइए।
**Explain the types of alternative dispute resolution.**

0

① लोकअदालतो द्वारा - न्यायालय के बाहर

② फास्टट्रेक कॉर्ट द्वारा

③ क्षेत्रीय अदालतो, आयोगो < मानवाधिकार / महिला द्वारा

→ मध्यस्थता, सुलह

(Write above this line only)

**12.** सातवीं अनुसूची।
**Seventh Schedule.**

1/4

7 वीं अनुसूची में अनुच्छेद 245, 246 के तहत राज्यों-केन्द्र के मध्य शक्ति विभाजन, संघवाद को सुनिश्चित

- संघ सूची - केवल केन्द्र को शक्तियाँ
- समवर्ती सूची - केन्द्र-राज्य दोनो लेकिन केन्द्र प्रभावी
- राज्य सूची - राज्य को कानून बनाने की शक्ति

विषय की संख्या भी बताएं

(Write above this line only)

13. मंत्रिमण्डलीय समितियाँ
**Cabinet Committees**

अनुच्छेद - 118 के तहत गठित < स्थायी समितिया / अस्थायी समितिया

स्थायी - 24 < वित्तीय / संरचनात्मक / कानूनी — लोकलेखा, लोक उपक्रम, प्राक्कलन, विशेषाधिकार

विघटित नही

अस्थायी - किसी मामले मे विशेष आवश्यकता पर गठित
कार्य समाप्ति पर विघटित

(Write above this line only)

14. भारत में सर्वप्रथम किस अधिनियम के अधीन तथा किस वर्ष लोक सेवा आयोग की स्थापना की गई।
**Under which Act and in which year was the Public Service Commission established for the first time in India?**

भारत मे भारत शासन अधिनियम - 1919 के अधीन
फिर भारत शासन अधिनियम - 1935 के अधीन, केन्द्रीय व राज्य लोक सेवा आयोग गठित किए गए।
संविधान मे अनुच्छेद A:312 315 के अधीन गठित

(Write above this line only)

15. दया याचिका की आवश्यकता को समझाइए।
**Explain the need for mercy petition.**

अनुच्छेद 72, 161 — राष्ट्रपति, राज्यपाल
① न्यायालय द्वारा गलत निर्णय, अत्यधिक कठोर दण्ड देने पर।
② न्यायिक गलती को सुधारने, दण्ड के स्वरूप परिवर्तन हेतु आवश्यक

(Write above this line only)

16. रिमोट वोटिंग के पक्ष में तर्क दीजिए।
**Give arguments in favor of remote voting.**

1/2

दूरस्थ स्थानों से बैलेट पत्र, ऑनलाईन माध्यम से वोटिंग जिससे प्रत्येक व्यक्ति का मताधिकार सुनिश्चित होगा। मतदान केन्द्रों पर जाने से मुक्ति

→ मतदान प्रतिशत में वृद्धि।

(Write above this line only)

17. सामाजिक लोकतंत्र क्या है?
**What is social democracy?**

1/2

समाज मे सभी को समान रूप से, विशेष आवश्यकताओं की विशेष भागीदारी से निर्मित लोकतंत्र

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था मे सम्पन्न/समानतापूर्ण समाज का निर्माण

(Write above this line only)

18. अनुच्छेद 142 की आलोचना कीजिए।
**Criticize Article 142.**

राष्ट्रपति की SC से परामर्श करने की शक्ति

0

→ 'पूर्ण न्याय'?

(Write above this line only)

19. दलों में आन्तरिक लोकतंत्र को बढ़ाने के उपाय बताइए।
**Tell the ways to increase internal democracy in parties.**

2

① निश्चीत आचार संहिता निर्मित हो।
② दलबदल रोकने, खरीदफरोख्त हेतु प्रभावी नियंत्रण
③ दल के अध्यक्ष द्वारा ही मुख्यमंत्री व मंत्रियों का निर्धारण।
④ भाषणो मे मानहानि, आंतरिक फूट पर प्रभावी दंड।

(Write above this line only)

20. इन्दिरा साहनी वाद (1992) के निर्णय के बिन्दुओं को लिखिए।
**Write the points of the decision of Indira Sawhney case (1992).**

1½/4

① इस वाद मे आरक्षण की सीमा को 50% के अधीन किया गया
+ OBC क्रीमीलेयर से बाहर
② पदोन्नति मे आरक्षण नहीं।
③ OBC हेतु 27% आरक्षण वैध

(Write above this line only)

21. पेसा अधिनियम की सीमायें लिखिये।
**Write the limitations of PESA Act.**

1/4

① स्थानीय निकायों पंचायतो पर अनावश्यक नियंत्रण
② क्षेत्रो का विकास अवरूद्ध होना
③ मानव अधिकारो, मौलिक अधिकारो का उल्लंघन
④ सैन्य शासन मे निरंकुश शक्तियॉ मिलना

+ प्रमुख जनजातीय क्षेत्रो मे लागू नहीं MP, छत्तीसगढ़, odissa etc

(Write above this line only)

22. आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम
**Aspirational Block Program**

1/2

ब्लॉक स्तर पर विकास कार्यक्रम – केन्द्र सरकार द्वारा संचालित
ब्लॉक की स्थानीय आवश्यकताओ के अनुरूप
योजना निर्माण
3 राज्यो के 500 ब्लॉक शामिल

(Write above this line only)

23. स्थानीय स्वशासन की लेखा परीक्षा का महत्व बताइए।
**Explain the importance of audit of local self-government.**

1/2

① वित्तिय नियंत्रण, भ्रष्टाचार मे कमी
② स्थानीय स्वशासन की विश्वसनीयता मे बढ़ोतरी
③ योजनाओ का प्रभावी क्रियान्वयन
④ भ्रष्टाचार गबन को रोकना

+ लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को बढ़ावा

(Write above this line only)

24. नियम 184 एवं नियम 193 में अन्तर बताइए।
**Explain the difference between Rule 184 and Rule 193.**

0

→ चर्चा विचार + मतदान

नियम – 184 निंदा प्रस्ताव
नियम – 193 अविश्वास प्रस्ताव – संपूर्ण मंत्रिपरिषद के विरुद्ध 50 सदस्यो की सहमति से

↓ सिर्फ विचार चर्चा

(Write above this line only)

25. भूले जाने का अधिकार
**Right to be forgotten**

(4/4)

अनुच्छेद – 21 के तहत प्रदान
→ Social Sites पर मौजूद जानकारी हटाना।

(Write above this line only)

**Note : Answer the following questions in 50 words. Each question carries 5 marks.**
नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

1. दल-बदल विरोध कानून के क्रियान्वयन में विसंगतियों को दूर करने के लिए अपने सुझाव दीजिए।
**Give your suggestions to remove discrepancies in the implementation of the Anti-defection Law.**

(3/5)

संविधान मे 52 वे संसंशो. 1985 के माध्यम से 10 वीं अनुसूची मे संसद व राज्य विधानमंडल के सदस्यों की दलबदल संबंधी निर्योग्यता के प्रावधान जोड़े गए। जनप्रतिनिधित्व अधि 1951 के माध्यम से क्रियान्वयन किया जाता है।

Add 91th सं. संशो. 2003

क्रियान्वयन की आवश्यकता →
1. दल विभाजन ($\frac{1}{3}$ सदस्यों का दल त्याग) एवं दल विलय ($\frac{2}{3}$ सदस्यों का दूसरे दल मे शामिल होने) के प्रावधानों को स्पष्ट किया जाए।
2. निर्दलीय सदस्य के दल विलय को रोका जाए।
3. सदन के अध्यक्ष की शक्तियों (अंतिम) को कमकरके निर्णयन हेतु समिति का गठन किया जाए। जाँच दल निर्मित किया जाए

(Write above this line only)

4. दलों द्वारा खरीद – फरोख्त पर प्रतिबंध लगाए। ऐसा करने पर राजनीतिक दलों की मान्यता निरस्त किया जाए।
5. पार्टी व्हीप को मजबूत करें।

कम शब्दों में अधिक कहना सीखो।

2. मूल ढांचे के सिद्धांत के संबंध में प्रमुख चुनौतियाँ स्पष्ट कीजिए।
**Explain the major challenges regarding the theory of basic structure.**

सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य 1973 वाद में मूल ढाँचे का सिद्धान्त दिया।

चुनौतियाँ →
1. मूलढाँचे मे कौन-2 से तत्व शामिल किए जाएगें यह अस्पष्ट है; इस पर SC का निर्णय अंतिम है।
2. यह कार्यपालिका एवं विधायिका की शक्तियों A:246 A:368 का अतिक्रमण करके शक्ति पृथक्करण व विभाजन के सिद्धान्त का उल्लंघन है।
3. संघवाद, शक्ति सँतुलन हेतु चुनौति जो कि स्वयं मूल ढाँचे का उल्लघंन करता है।
4. न्यायपालिका की अतिसक्रियता को बढ़ाता है।
5. संसदीय सँप्रभुता का उल्लघंन, संविधान संशोधन की शक्ति (A:368) को सीमित करता है।
6. न्यायपालिका कार्यभार मे वृद्धि।

3. हेट स्पीच को परिभाषित कीजिये तथा इससे निपटने के सुझाव दीजिए।
**Define hate speech and give suggestions to deal with it.**

हेट स्पीच – नृजातीयता, धर्म, जाति, रंग, नस्ल आदि के आधार पर दूसरे वर्गों के प्रति हीन भावना, घृणा फैलाना। उनकी गरीमा को कम करना। हेट भाषण, समाचार, पत्र, साहित्य, वीडियो, ऑडियो के माध्यम से फैलायी जाती है। इसका संविधान के अनुच्छेद 19(क) वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मे 19(2) के तहत समाधान है।

सुझाव → ① 19(2) 8 आधारों पर (लोकव्यवस्था, देश की एकता, अखंडता, न्यायालय की अवमानना, राष्ट्र सुरक्षा) प्रतिबंध लगाया गया है।
② भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत प्रतिबंधो का पालन सुनिश्चित हो।
③ गैरकानूनी गतिविधियाँ अधिनियम - 1967 UAPA का क्रियान्वयन किया जाए।
④ राजनीतिक दलों, नेताओं, अन्य व्यक्तियों जिनके भाषण का प्रभाव वृहद समूह पर पड़े भाषण हेतु आचार संहिता निर्मित की जाए।
⑤ उच्चतम न्यायालय द्वारा हेटस्पीच को परिभाषित किया जाए।

4. जातिगत जनगणना क्या है तथा इसके पक्ष में तर्क दीजिए।
**What is caste census and give arguments in favor of it.**

जातिगत जनगणना विभिन्न जातियों, उपजातियों, समुदायों के आधार पर जनगणना जिसमे उनकी आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक स्थिति का आंकलन किया जाए।

जातिगत जनगणना के लाभ →

1. विभिन्न जातियों के पिछड़ेपन, वंचितों की वास्तविक स्थिति का पता चलता है।
2. जनकल्याणकारी योजनाओं को लक्षित समूहों तक लाभ।
3. आरक्षण के फायदे व नुकसान का आंकलन। आरक्षण के उचित लाभार्थियों की पहचान।
4. कोटा मे कोटा (quota) निर्धारण मे सहायता।
5. वास्तविक विकास की स्थिति का ज्ञान
6. उन क्षेत्रों की पहचान जहाँ सरकारी सहयोग की आवश्यकता हो।

(Write above this line only)

5. भारत में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिए संवैधानिक प्रावधान लिखिये।
**Write the constitutional provision to promote cooperative federalism in India.**

सहकारी संघवाद → केन्द्र-राज्यों एवं राज्यों-राज्यों के मध्य सहयोग, आपसी सद्भाव के आधार पर संसाधनों, योजनाओं का क्रियान्वयन।

इसे बढाने हेतु संवैधानिक प्रावधान →

1. प्रस्तावना की मूल भावना। ← एकता, समाजवाद, अखंडता
2. मूल अधिकार अनुच्छेद 19 1 ग - संघ समिति बनाने का अधिकार
3. नीतिनिदेशक तत्व अनुच्छेद 40 - पंचायतीराज, विकेन्द्रीकरण, A:43 ख सहकारी समितियाँ 93 वाँ संसद 2011
4. अनुसूची-7, अनुच्छेद 245, 246 ← संघ सूची, समवर्ती सूची, राज्य सूची } शक्तिविभाजन
5. अनुच्छेद 51 क नागरिक कर्तव्य
6. अनुच्छेद 263 - अंतर्राज्यीय परिषद राज्यों के मध्य विवादों का निपटारा

(Write above this line only)

अन्य वैधानिक प्रावधान राष्ट्रीय विकास परिषद नीति आयोग, सहकारिता आयोग

7. भाग 9 ख 93 वे संसद 2011 द्वारा जोड़ा गया इससे 27 सहकारी समितियाँ

Examiner's marginal notes: 3; सटीक तरीके से the point लिखें; निष्कर्ष?; 2½; Add GST परिषद 279 A; + 312 के तहत अखिल भारतीय सेवाएं

6. अंतर राज्यीय सीमा विवादों के कारण लिखिये।
**Write the reasons for inter-state border disputes.**

राज्यों के मध्य सीमाओं के निर्धारण मे जाति, धर्म, भाषा भौगोलिक, क्षेत्रीय अवस्थितियाँ, नदियाँ, पर्वत मुख्य भूमिका

विवादो के कारण →

① जाति, धर्म → जातिवाद, सांप्रदायिकता के कारण जैसे तमिल व कर्नाटक मे, मंदिर की उपस्थिति।

② भाषा → आंध्रप्रदेश - तेलंगाना का विभाजन, भाषा की श्रेष्ठता

③ क्षेत्रवाद → अपने क्षेत्र के प्रति श्रेष्ठता जैसे बेलगाँव विवाद

④ नृजातीयता → अपने विशिष्ट संस्कृति, नस्ल की श्रेष्ठता जैसे मणिपुर हिंसा, बोडोलैण्ड की मांग।

⑤ नदियो → का जल बँटवारा, पवित्रता। कावेरी नदी विवाद

⑥ पर्वत, प्राकृतिक संसाधनो, वनो जंगलो को लेकर

इसके समाधान हेतु A:263 मे अंतर्राज्यीय परिषद व क्षेत्रीय परिषदो का प्रावधान है।

(Write above this line only)

3 — Add + क्षेत्रीय परिषद का आशानुरूप कार्य नहीं करना

7. संसदीय विशेषाधिकारों को परिभाषित करते हुए, इनसे जुड़ी चुनौतियाँ बताइए।
**Define parliamentary privileges and explain the challenges associated with them.**

संविधान के अनुच्छेद 115 व 361 में सांसदो, विधायको, राज्यपालो राष्ट्रपति, विदेशी दूतो, उच्चायुक्तो को विशिष्ट अधिकार प्रदत्त है

① संसद सदस्यो को सत्र के दौरान दिवानी मामलो मे 40 दिन पूर्व से 40 दिन बाद तक गिरफ्तारी से छूट।

② फौजदारी मे अध्यक्ष की अनुमति जरूरी।

③ कार्यवाही के प्रकाशन पर छूट

④ सत्र के दौरान गवाही देने से सदस्यो को छूट।

चुनौतियाँ → ① सांसदो द्वारा फौजदारी मामलो मे भी इनका दुरुपयोग

② निरंकुशता की प्रवृति, अपराधी प्रवृति को बढ़ावा।

③ अनुच्छेद -14 का उल्लंघन, समानता के विपरीत

④ लम्बी, जटिल व कागजी प्रक्रिया ?

⑤ राजनेताओ मे अपराधी प्रवृति बढ़ना

⑥ विशेषाधिकार समिति मे मामलो का बढ़ना।

(Write above this line only)

2½ — निर्धर 105, 194 + शक्ति के पृथक्करण सिद्धांत के खिलाफ

8. भारत में दबाव समूह कार्यशैली का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।
**Critically evaluate the working style of pressure groups in India.**

दबाव समूह → वे गैर सरकारी संगठन, संघ जो जनकल्याण को बढ़ाने हेतु स्वैच्छिक रूप से कार्य करते है। Add

जैसे - NGO, महिला आयोग, RSS, आदि।

ये सरकारी नीतियों का समयबद्ध, पारदर्शी क्रियान्वयन एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करते है। वंचितो को मुख्यधारा मे लाने, सरकारी नीतियों को दशा प्रदान करते है। कार्यपालिका पर नियंत्रण व मूल्यांकन करते है लेकिन

इनमे बढ़ते राजनीतिक हस्तक्षेप, भ्रष्टाचारी, निजी लाभोन्मुखी प्रवृति ने इनकी कार्यशैली पर सवाल उठाया है। यह लोकसेवको व कार्यपालिका पर अनावश्यक दबाव डालकर मीडिया मे प्रसिद्धि पाकर स्वार्थसिद्धि के साधन बन गए है।

(Write above this line only)

[Evaluator's marks: 3/4; + दबाव समूह परिवर्तनशील; Good; दबाव हित व राष्ट्रीय हित मे असंतुलन; निष्कर्ष? सकारात्मक]

9. मूल अधिकार- मर्यादाऐं हैं। स्पष्ट कीजिए।
**Fundamental rights- are limitations. Explain.**

संविधान के भाग-3 मे अनुच्छेद 12-35 तक नागरिको के 6 मूलअधिकार वर्णित है।

यह राज्य पर नागरिक अधिकारों व नागरिकों पर राष्ट्र की एकता अखंडता, शांति, लोकव्यवस्था को लेकर मर्यादाऐं आरोपित करते है।

राज्यों के कर्तव्यों, नागरिकों के अधिकारों हेतु उच्चतम व उच्च न्यायालय मे अनुच्छेद 32, 226 के माध्यम से क्रियान्वयन राज्यों पर प्रतिबंध आरोपित करता है।

यह नागरिकों को मूलभूत स्वतंत्रता, समानता, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता, अल्पसंख्यकों, वंचितो के माध्यम से प्रत्येक वर्ग के अधिकारों की सुनिश्चितता

यह राज्य की निरंकुश व स्वेच्छाचारी प्रवृति को रोककर मर्यादाऐं आरोपित करता है।

(Write above this line only)

[Evaluator's marks: 2.5/4; + राष्ट्रपति व राज्यपाल की अध्यादेश शक्ति पर भी मर्यादा]

3/12

**10.** चुनाव में प्रौद्योगिकी का महत्त्व एवं चुनौतियाँ बताइए।
**Explain the importance and challenges of technology in elections.**

चुनावो मे तकनीक, प्रौद्योगिकी अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई है —

महत्व
- उम्मीदवारो
  1. प्रचार मे समय, धन की बचत
- निर्वाचन आयोग
  3. चुनाव मे भ्रष्टाचार, नियंत्रण
  4. मतदाता सूची पंजीकरण, केंद्रो का निर्धारण, दूरस्थ वोटिंग मे सहायक
- सरकार
  2. नियंत्रण निर्देशन सरल
  5. अपराधियो पर नियंत्रण
6. e-EPIC
7. कहीं से भी मतदान संभव
8. उम्मीदवारो की ऑनलाईन जानकारी

Add + current से Related करें उदाहरण दें

चुनौतियाँ –
1. फेक न्यूज, डीप फेक टेक्नॉलोजी के माध्यम से मतदाताओं को भ्रमित करना।
2. ऑनलाईन धन का ट्रांसफर से चुनाव खर्च पर नियंत्रण नही
3. दुष्प्रचार मे बढ़ावा, मतदाताओ को धर्म, जाति, धन के माध्यम से मत-खरीद मे वृद्धि
4. विभिन्न ऐप्स के माध्यम से एक्जिट पोल से मतदान प्रभावित जैसे – अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव

(Write above this line only)

**11.** राजनीतिक जनांकिकी का अर्थ समझाते हुए हाल ही में संपन्न राजस्थान 16वीं विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डालिये-
**Explaining the meaning of political demography, throw light on the representation of women in the recently concluded Rajasthan 16th Assembly.**

Note सटीक परिभाषा दें — राजनीति के संदर्भ में जनसंख्या आकार, संरचना आदि का अध्ययन

3

राजनीतिक जनांकिकी – जनसंख्या परिवर्तन एवं मतदाताओ के व्यवहार, रूचि, दलों के प्रभाव, वोट प्रतिशत का अध्ययन करना, आँकडे।

1. 16 वीं विधानसभा चुनाव 25 नंवबर 2023 को सम्पन्न जिनमे महिलाओं का मत % = 75% से अधिक
2. कुल 20 महिलाएँ निर्वाचित = 9 भाजपा, 9 कांग्रेस, 2 निर्दलीय।
3. पोकरण मे महिलाओ ने सर्वाधिक 88% मतदान किया।
4. महिला प्रतिनिधित्व कुल सदस्यों का 10%

निष्कर्ष ?

(Write above this line only)

12. छोटे राज्यों की मांगों की उत्पत्ति बताते हुए, दूसरे राज्य पुनर्गठन आयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।
**Explaining the origin of the demands of small states, throw light on the need for a second State Reorganization Commission.**

3

वर्तमान मे जाति, क्षेत्रवाद, भाषा, नृजातीयता, मान्यता के आधार पर विभिन्न राज्यों मे अलग-2 राज्यों की मांग को बल मिला है जैसे - बोडोलैंड, बेलगाँव, खालिस्तान, राज. का भाषा के आधार पर पूर्वी पाश्चिमी विभाजन, कूकी - मैतई, पाटीदार, मराठी आदि ये देश की एकता व अखंडता के लिए खतरा है।

लेकिन आंतरिक शांति, सद्भाव हेतु दूसरे राज्य पुनर्गठन आयोग की आवश्यकता उत्पन्न हो गई है — current से भी उदाहरण

① क्षेत्रीय संसाधनों का विभाजन, भाषा, विकास के आधार पर राज्यों की समस्याओं के समाधान हेतु मंच की आवश्यकता
② अंतर्राज्यीय, क्षेत्रीय परिषदों की कार्य प्रणाली मे राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण आवश्यक है।

निष्कर्ष

(Write above this line only)

13. 'भारतीय राजनीति के स्वरूप नियमितीकरण में आर्थिक तत्त्वों की महत्वपूर्ण भूमिका है' स्पष्ट करें-
**Explain 'Economic elements play an important role in regularizing the form of Indian politics'.**

2½

आर्थिक संसाधनो की उपलब्धता किसी देश की उन्नति, विकास, राजनीतिक स्वरूप, लोकतंत्र की सफलता के मुख्य निर्धारक है

① आर्थिक संसाधनों की कमी की वजह से भारत मे समाजवाद, पूंजीवाद के मध्य समन्वय अपनाया गया + भूमण्डलीकरण + उदारवाद
② ~~संघवाद~~ अत्यंत केन्द्रीकृत संघवाद अपनाया गया जो एकता के लिए राज्यो पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करती है। + योजना व पंच वर्षीय विकास
③ नीति के निदेशक तत्वो को राज्य पर कर्तव्य के रूप मे दिशात्मक रूप मे अपनाया गया। बाध्यकारी नहीं, + उपभोक्ता संस्कृति
④ वित्तिय शक्तियाँ केन्द्र मे निहित।

(Write above this line only)

14. न्यायिक बहुमतवाद का तात्पर्य बताते हुए, इसकी आलोचनाऐं लिखें।
**Explaining the meaning of judicial majoritarianism and writing its criticisms.**

इससे तात्पर्य बहुमत की स्थिति मे डाग. मत की तुलना मे ५५१. के निर्णय की अनदेखी करना। ① जैसे कॉलेजियम प्रणाली मे न्यायाधीशो की नियुक्ति, स्थानान्तरण मे 2 सदस्यो की तुलना मे 3 के मत को अधिक महत्व देना जबकि अल्पमत का भी अपना महत्व होता है।

② न्यायिक समीक्षा, अपील, निर्णयों मे न्यायाधीशों की समितियों मे भी बहुमत को महत्व दिया जाता है
जैसे - ① राम जन्मभूमि विवाद
② उच्च न्यायालय का समलैंगिकता पर निर्णय।

③ अल्पमत में भी तार्किकता, वैधानिकता होती है।

(Write above this line only)

15. वर्तमान संदर्भ में नीति आयोग के समक्ष कौन-कौनसी चुनौतियां हैं?
**What are the challenges before NITI Aayog in the present context?**

नीति आयोग 1 जनवरी 2015 मे राज्यों मे पूर्ण संघवाद, बॉटम टू टॉप एप्रोच को बढ़ाने, विकास, नीतिनिर्माण मे राज्यो की भागीदारी बढ़ाने हेतु गठित।

चुनौतियाँ — ① संसाधनो, वित्त की कमी।
② केन्द्र राज्य मे भिन्न दलो की सरकार होने पर केन्द्र-राज्य सहयोग व समन्वय का अभाव।
③ राज्यों मे प्रतिस्पर्धा, विवादो की बढ़ोतरी
④ केवल सलाहकारी निकाय — शक्तियों, स्वायत्तता की कमी।
⑤ प्रधानमंत्री, अन्य उच्च स्तर के राजनेताओ की नियुक्ति से राजनीतिक हस्तक्षेप
⑥ कार्यपालिका, विधायिका की शक्तियों का अतिक्रमण

(Write above this line only)

⑦ विशेषज्ञो की अनदेखी।

3/14

16. प्रिवेंटिव डिटेंशन का अर्थ स्पष्ट करते हुए, इससे जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डालिए।
Explaining the meaning of preventive detention, throw light on the issues related to it.

प्रिवेंटिव डिटेंशन – अर्थात निवारक निरोध – किसी व्यक्ति को अपराधिक प्रवृति को देखते हुए निकट भविष्य मे अपराध से रोकने हेतु चेतावनी तौर पर नजरबंद करना।
इसका उल्लेख अनुच्छेद-22(3) मे किया गया है।

| लाभ | चुनौतियाँ |
|---|---|
| ① अपराध की पुनरावृति पर रोक | ① यह स्वतंत्रता के मौलिक आधिकार पर स्वयं नियंत्रण स्थापित करता है |
| ② विस्तृत प्रभाव वाले व्यक्ति जिनकी गिरफ्तारी से राष्ट्र की शांति, लोकव्यवस्था को खतरा हो पर प्रभावी नियंत्रण का साधन जैसे – धार्मिक उलमाओ आतंकवादियों | ② इसके क्रियान्वयन का अस्पष्ट होना |
| ③ जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्रो मे शांति बहाली मे इसका मुख्य योगदान है। | ③ 3 माह से अधिक नजरबंदी पर HC की समिति का गठन लेकिन आज तक इस उपबंध का पालन नहीं। |
| | ④ राजनीतिक स्वार्थो के पालन हेतु दुरुपयोग |
| | ⑤ विधि की सम्यक् प्रक्रिया, अनुच्छेद 21 का उल्लंघन |

Art बताए – 14, 19, 21 का उल्लंघन

+ निष्कर्ष ? → रिट याचिका, सुनवाई में देरी

**Note : Answer the following questions in 100 words. Each question carries 10 marks.**

नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।

1. सर्वोच्च न्यायालय में संरचनात्मक सुधारों पर मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड की हालिया घोषणा के संभावित प्रभावों पर चर्चा करें।

**Discuss the possible implications of Chief Justice D.Y. Chandrachud's recent announcement on structural reforms in the Supreme Court.**

न्यायिक सुधारो पर दक्षिण क्षेत्रीय सम्मेलन मे मुख्य न्यायाधीश ने न्यायपालिका मे संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।

सुधार – ① भाषा → स्थानीय, क्षेत्रीय भाषाओ, हिंदी के उपयोग को बढ़ावा
डिजिटलाइजेशन – मामलो की ऑनलाईन सुनवाई, मध्यरात्रि तक कार्य
② महिलाओं, अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अल्पसंख्यको
③ दिव्यांगों की न्यायपालिका मे भागीदारी
④ अध्ययन के मुताबिक उच्चतम न्यायालय मे केवल 200 परिवारों का प्रभुत्व, महिलाओं के आज तक केवल 3.4% भागीदारी
⑤ परिवारवाद पर रोक, न्यायालयों, लोकअदालतो की स्थापना
⑥ राष्ट्रीय न्यायिक सेवा की आवश्यकता, रिक्त पदों का भरना

प्रभाव – ① न्याय तक सबकी पहुँच – अनुच्छेद 39 क की पालना
② कॉलेजियम मे राजनीतिक, कार्यपालिका हस्तक्षेप मे कमी
③ न्यायिक नियुक्तियों, रिक्त पदो पर भर्ती से लंबित मामलों मे कमी
④ भाषा सुधार, डिजिटलाइजेशन, राष्ट्रीय न्यायिक सेवा प्राधिकरण NALSA से निःशुल्क न्याय एवं विधिक सहायता अनुच्छेद 39 क का आदर्श चरितार्थ होगा।

अतः राष्ट्रीय न्यायिक सेवा परिवारवाद, भ्रष्टाचार से मुक्त करने हेतु UPSC के समान स्थापित, संप्रभु बनाई जाए।

(Write above this line only)

2. पिछले तीन दशकों में, पंचायतों में महिला आरक्षण की यात्रा परिवर्तनकारी रही है; निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के समक्ष विद्यमान प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डालें।
**Over the last three decades, the journey of women's reservation in Panchayats has been transformational; highlighting the major challenges faced by elected women representatives.**

73 वे संसंश. 1993 द्वारा पंचायतो को संवैधानिक दर्जा देकर अनुसूची 11 भाग-9 अनुच्छेद 243-A-O तक जोड़ा गया।
अनुच्छेद 243 घ मे पंचायतीराज संस्थाओ मे आरक्षण का प्रावधान महिलाओ को उनके वर्ग मे $\frac{1}{3}$ (33% आरक्षण)
महिला आरक्षण को बढ़ाकर 3 दशको मे 50% तक किया जा चुका है जो विधानमंडल पर स्वैच्छिक रूप से निर्भर करता है।
इस प्रावधान ने महिला सशक्तिकरण, शक्तियों के विकेन्द्रीकरण के लक्ष्य, महिला की स्थानीय विकास मे भागीदारी को बढ़ावा दिया है। राजनीतिक सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष उदाहरण है।
चुनौतियाँ → ① निरक्षरता, जागरूकता की कमी।
② सरपंच पति अवधारणा के माध्यम से अप्रत्यक्षतः पुरुषो का प्रभाव।
③ डिजिटल, तकनीकी ज्ञान की कमी
④ पंचायतों के पास शक्तियों (केवल 21 विषय) वित्तिय संसाधनो की कमी (कर लगाने की शक्ति नही)
⑤ सामाजिक अस्वीकार्यता, पुरुषवादी सोच
⑥ पति, बेटों पर निर्भरता, निर्णय लेने की स्वतंत्रता की कमी
अतः महिलाओ की पंचायतीराज मे भागीदारी गाँधी के रामराज्य, राज्यहीन राष्ट्र की प्राप्ति के आधारभूत स्तंभ है क्योंकि महिलाएँ स्थानीय आवश्यकताओं, पिछड़ो के प्रति कल्याण अधिक दया, ममत्व की भावना के साथ कर सकती हैं।

Write above this line only

4½
Add अन्य राज्यों के भी उदाहरण जैसे बिहार, राजस्थान, केरल, UK, HP आदि में भी 50% आरक्षण। प्रॉक्सी उम्मीदवार
+ लैंगिक डिजिटल विभाजन + current से भी जोड़े 106वां संशोधन
good conclusion

3. संविधान संशोधन प्रक्रिया की आलोचना कीजिये।
**Criticize the constitutional amendment process.**

संविधान के भाग-20 मे अनुच्छेद 368 के तहत संसद को संविधान के किसी भी भाग मे संशोधन की छूट दी गई है लेकिन यह मूलढाँचे मे संशोधन नही (मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ 1980 केस) कर सकती।

इस प्रक्रिया मे कई कमियाँ है -

① संविधान संशोधन मे राज्यों का प्रतिनिधित्व, शक्ति न होना केवल विधानपरिषद के गठन, समाप्ति के अतिरिक्त।

② राज्यो से राय नही, राज्यों को सलाहकारी भागीदारी देनी चाहिए।

③ लोकसभा व राज्यसभा मे मतभेद पर संयुक्त बैठक का प्रावधान नही। जबकि सामान्य विधेयको पर है।

④ संविधान संशोधन के विशेष मामलो मे आधे राज्यो की सहमति हेतु समय सीमा अनिर्धारित। (विशेषबहुमत)

⑤ मूलढाँचे की स्पष्ट परिभाषा नही।

⑥ राष्ट्रपति पर स्वीकृति देने हेतु बाध्यता।

⑦ अध्यादेश के माध्यम से संविधान संशोधन की शक्ति।

⑧ यह न्यायपालिका व विधायिका मे टकराव उत्पन्न।

समग्रत: संविधान संशोधन प्रक्रिया संविधान के मूलढाँचे का आधार है लेकिन इसमे राज्यों की भागीदारी बढ़ायी जाए राजनीतिक स्वार्थसिद्धि को कम किया जाए। न्यायिक समीक्षा सीमित हो।

(Write above this line only)

4. राजनीतिक आन्दोलन एवं राजनीतिक दलों में संबंध बताते हुए राजस्थान में दलीय प्रणाली का व्यावहारिक दृष्टिकोण स्पष्ट करें-
**Explain the practical view of the party system in Rajasthan by explaining the relationship between political movements and political parties.**

3½

राजनीतिक आंदोलनों के लक्ष्य निर्धारण, कार्यनीति निर्माण, प्रयास मे राजनीतिक दलों अत्यंत महत्वपूर्ण भागीदारी निभाते है।
(1) जैसे- सूचना का अधिकार, लोकसेवाओं की प्राप्ति का अधिकार मे यह दल विपक्षी के रूप मे सरकार पर दबाव समूह का कार्य करते है। (अरुणा राय)
(2) पर्यावरण संरक्षण, मानवाधिकार आंदोलन, लोकपाल की नियुक्ति (अन्ना हजारे) मे राजनीतिक दल आंदोलनों को लक्ष्य तक पहुँचाते है।

राजस्थान मे [जाति, वर्ग, क्षेत्रीयता, भाषा, मीडिया, राष्ट्रीय मुद्दे] सरकार निर्माण मुख्य भागीदारी निभाते है

* 1952-1977 तक कांग्रेस, गठबंधन का प्रभुत्व
* 1977-1980 जनता दल, विपक्ष मजबूत
* 1980-1993 तक कांग्रेस, गठबंधन सरकारें, अस्थिरता
* 1993 से 2023 तक 3 दशकों मे द्विदलीय प्रणाली कांग्रेस व भाजपा की स्थापना

राजस्थान मे शक्तिशाली क्षेत्रीय दल का अभाव है
(1) क्योंकि जातियों की संख्या अधिक और विस्तृत क्षेत्र पर किसी एक जाति का प्रभाव नही है।
(2) जातिवाद, सामंतवाद को राजनीति मे स्वीकृति।
(3) करिश्माई नेतृत्व का अभाव है। [जातियो का राजनीतिकरण]
आधुनिक समय मे जातिवाद कम हुआ है लेकिन निकट भविष्य मे भी यह प्रभावशाली रहेगा।

(Write above this line only)

Note 2023 के विधानसभा चुनावों का भी data उपयोग करें।

निष्कर्ष हमेशा भाविष्य के लिए सकारात्मक वचन से जुड़ा हुआ लिखें।

5. पंचायतीराज संस्थाओं पर राज्य के नियंत्रण का उल्लेख करें-

**Mention the state's control over Panchayati Raj institutions-**

4

संविधान मे 73 वे संसंशोधन 1993 के माध्यम से अनुसूची-11, भाग-9 अनुच्छेद 243-A-O तक पंचायती राज को संवैधानिक मान्यता प्रदान की गई। राज्य का नियंत्रण –

① राज्य ने इनको 29 विषयों मे से केवल 21 विषय प्रदान जिनमे वित्तिय शक्तियाँ – कर लगाने का अधिकार नही।

② आर्थिक सामाजिक अंकेक्षण का प्रावधान

③ अनिवार्य एवं ऐच्छिक विषयों के रूप मे बाँटकर कार्यो का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित।

④ आरक्षण, संरचना, चुनाव प्रक्रिया, संसाधनो के आवंटन का अंतिम अधिकार राज्य विधानमंडल, राज्य वित्त आयोग (243I), निर्वाचन आयोग (243K) को प्रदान।

⑤ वित्त आवंटन, डिजिटलाइजेशन द्वारा नियंत्रण

⑥ इन संस्थाओं को न्यायिक, दंडात्मक शक्तियाँ नही प्रदान की गई है।

⑦ सदस्यो हेतु योग्यता, भागीदारी (महिला SC, ST), बैठको की संख्या नियत की गई है

अतः पंचायतीराज को निरंकुश होने से रोकने, विकेन्द्रीकरण सहकारिता को बढ़ावा देने हेतु नियंत्रण स्थापित किया गया है

(Write above this line only)

content सही है किंतु नियंत्रण के topics/points को Main Headings में devide करें जैसे वित्तिय नियंत्रण, प्रशा. नियंत्रण आदि

6. भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयता के विविध रूप/प्रवृत्ति बताते हुए क्षेत्रवाद के दुष्परिणामों की संक्षिप्त व्याख्या करें-

**Briefly explain the ill effects of regionalism by describing the various forms/tendencies of regionalism in Indian politics.**

4½

क्षेत्रवाद → किसी एक क्षेत्र को अन्य क्षेत्रो से धार्मिक, जातीय विकास, भाषा, नस्ल, संस्कृति के आधार पर अन्यो से श्रेष्ठ बताना। अन्यों के विकास की कीमत पर उसका विकास करना।

Add & बताए + भाषायी क्षेत्रवाद + भारतीय संघ से पृथक होने की माँग

भारतीय राजनीति मे क्षेत्रीयता →

① राजनीति मे उत्तर - दक्षिण विभाजन < भाजपा, काग्रेस को उत्तर भारत मे स्वीकार्यता; AIDMK, CPI(M) - दक्षिण मे

② क्षेत्रीयता के आधार पर दलो का गठन - तेलंगाना विकास परिषद, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया

③ क्षेत्रवाद से मतदान, मंत्रियों का निर्धारण < मंत्रिमंडल मे उत्तरी राज्यो का प्रतिनिधित्व

④ टिकटो के आवंटन मे क्षेत्रवाद < तमिल, कर्नाटक

+ स्वायत्तता की माँग + केन्द्र - राज्य तनाव + अन्तर राज्यीय परिषद

⑤ उत्तरपूर्वी राज्यों की संसद में न्यून भागीदारी। स्वयं को भारतीय राजनीति से अलग मानना

**दुष्परिणाम** -

① राष्ट्र की एकता, अखंडता राष्ट्रीय स्वायत्तता के लिए खतरा। अरुणाचल मे चीन की घुसपैठ वहाँ के नागरिको की सहमति

② क्षेत्रीय हिंसा - मणिपुर - कुकी मैतई विवाद; असम - बोडोलैण्ड; पंजाब - खालिस्तान

आदि मुद्दे भी बताएं

③ राष्ट्र के वास्तविक विकास मे रुकावट, मुद्दो से भटकाव

④ छोटे क्षेत्रो का विकास अवरुद्ध < बेलगाँव, कोरापुट, बस्तर

⑤ नीति निर्माण मे क्षेत्रीयता हावी - अधिकांश योजनाएँ उत्तर भारतीयो हेतु।

अत: क्षेत्रीयता की बजाय राष्ट्रीयता की भावना के विकास की आवश्यकता है।

निष्कर्ष में आवश्य के लिए कदम बताएं।

7. गिरती हुई संसदीय उत्पादकता एक गंभीर समस्या है। संसदीय उत्पादकता को बढ़ाने के लिए अपने सुझाव दीजिए-

**Falling parliamentary productivity is a serious problem. Give your suggestions to increase parliamentary productivity.**

हाल मे संसद मे सत्तापक्ष, विपक्षी दलो मे बढ़ते टकराव ने संसद की उत्पादकता को कमजोर किया है।

सत्तापक्ष की कमियाँ :→ ① जानबूझकर विवादित मामलों मे बयान
② अयोग्यता, आपराधिक प्रवृति की राजनीति मे भागीदारी
③ संसद सत्र को स्थगित व समय पर आहूत न करना

विपक्ष की कमियाँ :→ ① सत्तापक्ष के प्रत्येक निर्णय पर राजनीतिक लाभ हेतु बहिष्कार, काम रुकवाना।
② जानबूझकर रुकावट डालना।

उत्पादकता हेतु सुझाव →
① सदनो की कार्यवाही, सत्रो का टी.वी. रेडियो के माध्यम से प्रसारण ताकि जनता का नियंत्रण बना रहे।
② हेट स्पीच हेतु IPC कानूनो का प्रभावी पालन
③ संसदीय समितियों, सत्रो के समय मे वृद्धि।
④ सदनो मे उपस्थिति को बढ़ावा, प्रश्नकाल, शून्यकाल के समय को बढ़ावा
⑤ समय पर क्रियान्वयन, संयुक्त सत्र।

समग्रत: विपक्ष सत्तापक्ष को निरंकुश होने से रोककर उसपर प्रभावी नियंत्रण के माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा करता है। विपक्ष को प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए।

(Write above this line only)

1. मुहावरे अंक - 5

(i) अपना किया पाना

(ii) न इधर का होना न उधर का

0

(iii) एहसान फरामोश होना

(iv) चींटी के पर निकलना

(v) चक्की में जुटे रहना

2. विलोम शब्द — अंक - 5

(i) अघ - अनघ

(ii) अनुरूप - प्रतिकूल — प्रतिरूप ✗

(iii) कर्ता - अकर्ता

(iv) क्षम - अक्षम

4

(v) गत - आगत

(vi) चर - अचर

(vii) दिव्य - अदिव्य

(viii) पर - अपर

(ix) मुख - विमुख

(x) विलास -

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए। अंक- 10

1. इंटरनेट-वरदान या अभिशाप
2. कृषि प्रधान- गरीब किसानः विरोधाभास/कारण व समाधान।
3. राजस्थान का पर्यटन उद्योगः दशा एवं दिशा

0

(A) Choose the correct word/phrase and rewrite the correct form of the following sentences: (Q. No. 1-10) Marks 10

1. He went there so that he can/might borrow money.

He went there so that he can borrow money

2. She advised that I should/should have curtail expenditure.

she advised that I should curtail expenditure

3. She shall/must not have left alone as it was raining heavily.

She ~~shall~~ must not have left alone as it was raining heavily

4. You ought to/should have stood by your sister, when she was in difficulties.

5. My friend did not help me though he should/could have helped.

My friend did not help me though he could have helped

6. He is to have/is to catch the first train tonight.

He is to catch the first train tonight

7. He would/should go to college daily by bus in his college days.

8. You need not to/need not bring your notebooks from tomorrow.

You need not to bring your notebook from tomorrow

(B) Supply correct tense form of the verbs given in brackets: (Q. No. 9) Marks 6

9. The city of Katagum _________ (build) in the form of an oblong with the chief's house in the centre _________ (look) like an old English castle. There _________ (be) a high clay tower, with a wall around it about twenty feet high; inside the courtyard _________ (be) small houses for women and servants.

4

0

(C) **Change the following sentences from Active form to Passive form: (Q. No. 10-15)** **Marks 6**

10. War will destroy everything.

11. The government is spending too much money on Operation blue.

12. The judge advised me to settle the matter out of court.

13. They rejected his proposal and laughed at him.

14. Social work interests Mr. Kumar very much.

15. It is time to stop writing.